तापमान
अधिकतम 26 डिग्री
न्यूनतम 11 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 28 दिसंबर 2023

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

4 एकल में भुनेश्वर, समूह में सांई बाबा क्लब प्रथम



## खबर संक्षेप

### सेंट्रल बैंक में छुट्टी के कारण लेन-देन प्रभावित

**कोरिया कॉलरी।** क्षेत्र के सेंट्रल बैंक बीते तीन दिनों तक छुट्टी के कारण बंद रही। जैसे ही मंगलवार को बैंक खुला तो ग्राहक लेन-देन कार्य करने के लिए बैंक में भीड़ उमड़ गई, मगर बैंक में कैश काउंटर में कर्मचारी नदारत मिले, ऐसे हालत में ग्राहकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस तरह से बैंक जैसे शासकीय कार्यालय में लापरवाही होना सिस्टम पर सवाल खड़ा करता है। कोरिया कॉलरी में एक मात्र बैंक है और अगर वहां भी इस तरह की लापरवाही होती है तो लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ सकती है। इस दिन पूरे दिनभर लेन-देन की प्रक्रिया प्रभावित रही। ग्राहकों को कैशियर के आने का इंतजार दिनभर करना पड़ा। लोगों से बातचीत करने पर उन्होंने बताया कि यहां सेंट्रल बैंक में हमेशा कोई ना कोई समस्या बनी रहती, इस वजह से अक्सर ग्राहक परेशान रहते हैं, यहां के बैंक में कई दूर गांव से भी लोग लेन-देन करने पैदल आते हैं, इसे देखते हुए आने वाले समय में बैंक प्रबंधन को ऐसी लापरवाही से बचना चाहिए।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा से ग्रामीण हुए लाभांवित

**सोनहत।** विकासखंड के लगभग सभी ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा में निकली मोदी की गारंटी वाहन ने लोगों को योजनाओं के बारे में जानकारी तो दे रहे हैं साथ ही जरूरतमंदों की समस्याएं भी दूर कर रहे हैं। राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, केसीसी कार्ड, उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेंडर सहित महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहें, जिससे हितग्राहियों को खुशी महसूस हो रही है। विदित हो कि लगातार अलग-अलग तिथियों में ग्राम पंचायत में वाहन पहुंच रही है। जिला पंचायत के सीईओ व प्रभारी कलेक्टर डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने सभी नोडल अधिकारियों को नियमित रुप से हितग्राहियों का चिन्हांकन कर उन्हें लाभ देने के निर्देश दिए। विदित हो कि 28 दिसंबर से 12 जनवरी तक इन ग्राम पंचायतों में वाहन पहुंचेगी। ग्राम बसवाही, तजरा, घुघरा, कटगोड़ी, पुसला, कछार, मधला, दामुज, बसेर, लटमा, सुंदरपुर, मझारटोला, रावत सरई, नौगई, मधौरा, रजौली, पोड़ी, मेण्ड्रा, कछाड़ी, रामगढ़, सिंघोर, उज्ञांव, अमृतपुर, नटवाही, आनंदपुर व दसेर में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक विकसित भारत संकल्प यात्रा की वाहन नियमित रूप से पहुंचेंगी।

### अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा विकसित भारत संकल्प यात्रा

**एमसीबी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य सरकार की प्रमुख योजनाओं के माध्यम से लक्षित वर्गों तक परिपूर्णता हासिल करना है, इसके तहत यह सुनिश्चित किया जाएगा कि इन योजनाओं का लाभ सभी लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके नहीं मिल पाया है, उन तक भी पहुंचा जा सके। इस यात्रा का उद्देश्य विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में नागरिकों के बीच जागरूकता पैदा करना और योजनाओं के शत-प्रतिशत संतृप्ति के लिए जनभागीदारी की भावना में उनकी भागीदारी को सुनिश्चित करना है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ 26 दिसंबर को जिले के तीन विकासखंड मनेन्द्रगढ़ ग्राम पंचायत चरईपानी, सिरियाखोह, गरूडडोल, बाला, विकासखंड भरतपुर के ग्राम पंचायत भरतपुर तथा बरहोरी तथा विकासखंड खड़गवां के ग्राम पंचायत मझौली तथा बरमपुर पहुंचा। इस दौरान विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रचार रथ के ग्राम पंचायतों में गठित स्वागत समिति तथा उत्सव समिति के द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम स्थल पर ग्रामीण ने रथ में माध्यम से प्रधानमंत्री का संदेश सुना। उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्रों में केन्द्र सरकार की 17 प्रकार की फ्लैगशिप योजना आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना आदि शामिल है।

## 2023 के विदाई और नए साल के स्वागत की तैयारियों में जुटे लोग

# पिकनिक स्पॉट पर भीड़, सुरक्षा के इंतजाम नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

साल 2023 को विदा होने के लिए अब चंद दिन ही बचे हुए हैं और इसके बाद नए साल 2024 की शुरूआत हो जाएगी। गुजर रहे साल की विदाई के साथ नए साल के स्वागत की तैयारियां की जा रही है। एक ओर वर्ष 2023 की विदाई की तैयारी चल रही है तो वहीं दूसरी ओर आने वाले साल 2024 के स्वागत की तैयारियां की जा रही है।

वर्ष 2023 के विदाई होने के लिए गिनती के दिन शेष बचे हैं, ऐसे लोगों के द्वारा बीत रहे साल की विदाई व नए साल के स्वागत के लिए तैयारी की जा रही। लोग अपने-अपने तरीके से पुराने साल की विदाई के साथ नए साल का स्वागत करने की तैयारी में जुट गए हैं, इसके लिए कुछ लोग होटलों में पार्टी सेलेब्रेशन की तैयारी में जुट गए हैं, तो कोई अपने अलग अंदाज में नए साल के स्वागत करने की तैयारी में है। उल्लेखनीय है कि साल के आखरी दिन 31 दिसंबर की रात्रि में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में युवाओं के द्वारा साल की विदाई एवं नए साल का स्वागत करने के लिए तैयारी कर रहे हैं। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में साल ⏭ शेष पेज 4 पर





साल के विदा होने पर कुछ दिन शेष बचे हैं। ऐसे में लोग पिकनिक स्पॉट पर पहुंचकर आनंद ले रहे हैं।

### पिकनिक स्थलों पर प्रतिदिन जुट रही भीड़

साल 2023 अपने अंतिम पड़ाव की ओर एक-एक दिन निकल रहा है, ऐसे में जिले के पिकनिक स्थलों पर प्रतिदिन लोगों की भीड़ वनभोज के लिए जुट रही है। प्रतिदिन किसी न किसी क्षेत्र से परिवार के साथ तो कई लोग अपने दोस्तों के साथ विभिन्न पर्यटन स्थलों पर पिकनिक मनाने के लिए पहुंच रहे हैं। इस कारण जिले के सभी प्रमुख पिकनिक स्थल में सैलानियों की भीड़ के कारण गुलजार हो गए हैं।

### पर्यटन केन्द्रों में सुरक्षा इंतजाम की कमी

कोरिया-एमसीबी जिले के कई पर्यटन केन्द्र ऐसे हैं, जहां पर सुरक्षा इंतजाम की अब भी पुख्ता व्यवस्था नहीं हो पाई है, इसके कारण पर्यटन केन्द्रों में पहुंच कर सावधानी से रहने की जरूरत है, अन्यथा थोड़ी लापरवाही जीवन पर भारी पड़ सकता है। कोरिया जिले में भी ऐसे कई पर्यटन केन्द्र हैं, जहां पर पर्यटकों के सुरक्षा के इंतजाम नहीं है, इनमें ज्यादातर ऐसे पर्यटन केन्द्र हैं, जहां तक पहुंचने के लिए सुगम सड़क मार्ग भी नहीं है, इसके कारण ऐसे स्थलों पर पर्यटकों को अपनी सुरक्षा खुद सावधान रहकर करनी पड़ती है, अन्यथा बड़ी घटना हो सकती है।

### गुलजार रहेंगे पर्यटन स्थल

चालू साल के विदाई होने में अब चंद दिन ही बचे हैं, इसके बाद नया साल 2024 प्रारंभ होगा। जानकारी के अनुसार नए साल के पहले दिन जिले के प्रमुख पिकनिक स्थलों, पर्यटन केन्द्रों पर जमकर सैलानियों की भीड़ उमड़ती है। अविभाजित कोरिया जिले के प्रमुख पर्यटन केन्द्र अमृतधारा जो कि अब एमसीबी जिले के हिस्से में चला गया है, इस पर्यटन केन्द्र पर नए साल के पहले दिन बड़ी संख्या में सैलानियों की भीड़ जुटती है, इसके अलावा कोरिया जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल एवं दर्शनीय स्थलों पर लोगों की भीड़ जुटती है। इनमें जिला मुख्यालय के निकट झुमका वोट क्लब प्रमुख है, इसके अलावा जिले के विभिन्न पर्यटन केन्द्रों में साल के पहले दिन को यादगार बनाने के लिए सैलानियों की भीड़ जमकर जुटती है।

## मानसिक बीमार व्यक्तियों की सुध नहीं, ठंड में हो रहे परेशानी

### घूमते हैं शहर की सड़कों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



ठंड से बचने के लिए लोगों को कई तरह के जतन करने पड़ते हैं अन्यथा ठंड के कारण स्वास्थ्य खराब होने की संभावना बनी रहती है। ठंड के प्रभाव से कई तरह की परेशानी हो सकती है, वहीं शहर में स्वच्छंद विचरण करने वाले एक मानसिक बीमार व्यक्ति अपने हाल पर एक हल्के कंबल के सहारे दिन-रात काट रहा है, इसका कोई निश्चित ठौर ठिकाना नहीं रहता है।

इस कड़कड़ाती ठंड के मौसम में भी मानसिक बीमार व्यक्ति को छत नसीब नहीं होती है और वह खुले आसमान के नीचे ही रात गुजार देता है। कहते हैं कि जिसका कोई नहीं होता उसका उपर वाला होता है यह बात शहर में विचरण करने वाले मानसिक बीमार व्यक्ति पर सटिक बैठता है।

जानकारी के अनुसार शहर में कंबल ओड़कर पूरे दिन शहर क्षेत्र में दिखाई देने वाले मानसिक बीमार व्यक्ति को देखा जा सकता है। दिनभर इधर-उधर भ्रमण करने के बाद किसी स्थान पर सो जाता है। जानकारी के अनुसार शहर क्षेत्र में भ्रमण करने वाला मानसिक बीमार व्यक्ति कई बार स्थानीय जिला पशु चिकित्सालय के अहाते किनारे खुले आसमान के नीचे पूरी रात गुजारे और इस तरह प्रतिदिन अलग-अलग जगहों पर एक हल्के कंबल के भरोसे रात प्रतिदिन इस ठंड में भी गुजार रहा है।

#### सुरक्षित जगह पहुंचाने कोई पहल नहीं

शहर क्षेत्र में लंबे समय से भ्रमण करने वाले मानसिक बीमार व्यक्ति को सुरक्षित जगह पर पहुंचाने की दिशा में अब तक प्रशासनिक पहल भी नहीं हो पाई है और न ही समाज सेवा का दंभ भरने वाले संगठन ही अब तक शहर में घुमने वाले मानसिक बीमार व्यक्ति को सरकारी व निजी सुरक्षित जगह पर पहुंचाने की दिशा में पहल नहीं की जा रही है, जिसके कारण ही शहर क्षेत्र में भ्रमण करने वाला मानसिक बीमार व्यक्ति प्रतिदिन अपने हाल पर दूसरों लोगों के रहम पर किसी तरह जीवन का एक एक दिन गुजार रहा है।

### श्रीराम जन्मभूमि अक्षत कलश शोभायात्रा का भव्य स्वागत



**चरचा कॉलरी।** नगर पालिका शिवपुर चरचा श्रेत्र में अयोध्या से आए श्रीराम जन्मभूमि अक्षत कलश शोभायात्रा का स्वागत किया गया। अक्षत कलश शोभा यात्रा सुभाष नगर शिव मंदिर से प्रारंभ होकर चरचा क्षेत्र के सभी प्रसिद्ध मंदिरों से परिक्रमा कर हनुमान मंदिर पहुंची। यह कलश यात्रा सुभाष नगर शिव मंदिर से बद्री मंदिर, जगन्नाथ मंदिर, बीटीसी शिव मंदिर, श्रीराम मंदिर, स्टाफ कालोनी शिव-पार्वती मंदिर होते हुए हनुमान मंदिर में स्थापना की गई, जहां क्षेत्र के महिला-पुरुष शामिल हुए। महिलाओं ने अपने सिर पर कलश लेकर पूरे क्षेत्र की परिक्रमा भी की। यात्रा के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती लालमुनि यादव, उपाध्यक्ष राजेश सिंह, नेता प्रतिपक्ष अरूण जायसवाल, पूर्व नपाध्यक्ष श्रीमती कुंती चक्रधारी, राजेन्द्र चक्रधारी, रामसागर सिंह, मधु प्रसाद राजवाड़े, आशीष जैन, दीपा विश्वकर्मा, काजल मोदी, सीमा सिंह सहित काफी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

### भाजपा नेता राकेश के जन्मदिन पर फल और कंबल का वितरण

**बैकुण्ठपुर।** भाजपा नेता और जिला चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. राकेश शर्मा के जन्मदिन पर जिला अस्पताल में फल और जरूरतमंदों को कंबल और वस्त्र वितरण किया गया। राकेश शर्मा फैन क्लब के सदस्यों ने इस अवसर पर एमसी और कोरिया जिले में जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम श्रृंखला की शुरूआत डॉ. शर्मा अस्पताल बैकुंठपुर से हुई। इसके अलावा सलका, आनी, नागपुर, मंडलपारा भाजपा जिला कार्यालय, पटना, बिशुनपुर, चिरमिरी में हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने आयोजन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक समाजसेवी एवं डॉक्टर शर्मा अस्पताल के संचालक है, उनके जन्मदिन दिवस के अवसर पर पूरे अविभाजित कोरिया में जगह-जगह विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए, जहां जनता का अपार प्यार और स्नेह डॉ.राकेश शर्मा को मिला। उनका जगह-जगह ढोल नगाड़े एवं आतिशबाजी के साथ स्वागत हुआ। लोगों के बीच में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।



## गौठान वीरान, एक भी मवेशी नहीं

**बैकुण्ठपुर।** प्रदेश के पूर्ववर्ती सरकार के द्वारा ग्राम पंचायतों में गौठान का निर्माण कराया गया था और चारा पानी सभी तरह के आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे, इसके लिए लाखों रूपए खर्च किए गए।

बावजूद इसके गौठानों में मवेशी कभी नजर नहीं आते थे। कागजों में तो सभी तरह की सुविधाएं बताई जाती थी, लेकिन हकीकत में उतनी सुविधा नहीं दिखाई देती जितनी कागजों में रहती। यही कारण है कि ग्रामों में बनाए गए गौठान का लाभ ग्रामीण परिवारों को नहीं मिला। ग्रामीण अपने मवेशियों को जंगलों में ले जाकर चराते और शाम होने पर घर लेकर आते। गौठान में गांव के लोगों के मवेशी नजर नहीं आते।



**कांग्रेस सरकार के गौठान योजना के अस्तित्व पर संकट**

सड़क पर घूम रहे मवेशी।

#### गौठानों के अस्तित्व पर मंडरा रहा खतरा

पूर्ववर्ती सरकार द्वारा लाखों रूपए रूपए खर्च कर बनाए गए गौठान अब भी स्थित है, लेकिन अब सत्ता परिवर्तन होने के बाद ग्राम पंचायतों में बनाए गए गौठानों के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। अब तक नई सरकार गौठान योजना को संचालित करते रहने के संबंध में कोई दिशा-निर्देश जारी नहीं की है, लेकिन संभावना लग रही है कि गौठानों का अस्तित्व समाप्त कर दी जाएगी, क्योंकि भाजपा के द्वारा गौठानों में भ्रष्टाचार को लेकर हमेशा से मुखर रही है। ऐसे में अब प्रदेश में भाजपा की सरकार आई तो गौठान के भविष्य को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।

आरोप

### सड़क 2 साल में ही उखड़ी, घटिया निर्माण का आरोप

**बैकुण्ठपुर।** ग्राम पंचायत खोडरी के अंतर्गत आश्रम के पास दो वर्ष पहले पंचायत द्वारा सीमेंट रोड बनवाई गई थी। घटिया निर्माण के कारण सड़क पूरी तरह खराब हो गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया था, इस वजह से सड़क 2 साल में उखड़ गई। अब वाहन चालकों व राहगीरों को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जिम्मेदारों पर कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों से मांग की है। अभी रास्तों में गिट्टी उखड़ने से लोग परेशान हैं, गड्ढों में पानी भरा रहता है, वाहन चालकों को गड्ढा दिखाई नहीं देता और आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। मोटरसाइकिल चालक गिर रहे हैं। कई बार लोगों ने मरम्मत की मांग की, बावजूद इसके सड़क का मरम्मत नहीं कराया जा रहा। उक्त सड़क का निर्माण विधायक मध की राशि से किया गया था, इसके लिए 5 लाख रुपए स्वीकृत हुए थे, इसके लिए निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत खोडरी को ही बनाया गया था। सड़क निर्माण का कार्य जनवरी 2022 में पूरा हुआ था। सड़क निर्माण को 2 साल पूरे भी नहीं हुए और सड़क की हालत खस्ताहाल हो गई है।



खस्ताहाल

### ओड़गीनाका वाटर एटीएम की हालत खराब

**बैकुण्ठपुर।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के ओड़गीनाका जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के पास लगे वाटर एटीएम की हालत खस्ता है। यहां मरम्मत के अभाव में वाटर एटीएम सही से पानी नहीं दे रहा। वाटर एटीएम में रूपए डालने के बाद इसमें से पानी धीरे से निकल रहा है। पानी भरने में लोगों को ज्यादा समय लगने के कारण ज्यादातर लोग वाटर एटीएम का उपयोग करने से कतरा रहे हैं। यहां के निवासी विष्णुदेव सिंह सहित अन्य लोगों का कहना है कि वाटर एटीएम का सही तरीके से मेंटेनेंस नहीं करने के कारण यह बेहद धीरे से पानी दे रहा है। सिक्का डालने के बावजूद भी सही से पानी नहीं मिलने पर लोग अन्य स्थान पर जा रहे हैं। विदित हो कि उक्त वाटर एटीएम का निर्माण जिला प्रशासन ने कराया था, वहीं इसकी मरम्मत व देखरेख के लिए पीएचई विभाग को जिम्मेदारी दी गई थी, लेकिन वाटर एटीएम का सही से मेंटेनेंस नहीं करने के कारण यह जैसे-तैसे काम कर रहा है।



कार्यक्रम

### नवीन कन्या महाविद्यालय में मना वीर बाल दिवस

**बैकुण्ठपुर।** शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में राष्टीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एसएन पाण्डेय एवं प्रो. एमसी हिमधर जिला संगठक के मार्गदर्शन एवं प्राचार्य सह कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप के आदेशानुसार महिला बाल विकास विभाग, आईक्यूएसी, राष्टीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान, श्रीमती कनकलता पैकरा के नेतृत्व में महाविद्यालय में 23 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर चित्रकला, पठन (सस्वर पाठन), गायन, कविता, निबंध प्रतियोगिताओं को आयोजन किया गया। इसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार 1000, 500 एवं 300 रखा गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी सोनिया रानी प्रथम गायन, लालती सिंह द्वितीय गायन, गीता सिंह तृतीय गायन, रीता प्रथम पठन, ममता यादव द्वितीय पठन, लालती सिंह तृतीय पठन, रविकला कुजूर प्रथम निबंध, सुनिधि मुण्डु द्वितीय निबंध, कल्पना शर्मा तृतीय निबंध, तनिषा तिवारी प्रथम कविता, चंद्रा राजवाड़े द्वितीय कविता, अंजू गरूण तृतीय कविता, पूनम प्रथम चित्रकला, मंषा देवी द्वितीय चित्रकला एवं तृप्ती राजवाड़े तृतीय चित्रकला रहे, जिन्हें सीईओ के द्वारा कलेक्टर प्रांगण में पुरस्कृत किया गया।




## मुख्य मार्ग के किनारे और रिहायशी इलाकों में संचालित हो रही मांस दुकान

# खुले में संचालित मांस दुकान स्लॉटर हाउस में शिफ्ट हों

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला मुख्यालय बैकुंठपुर सहित नगर निगम चिरमिरी, नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ और नगर पालिका परिषद शिवपुर चरचा जैसे स्थानीय निकाय क्षेत्र में सड़क किनारे मांस, मछली की दुकानें लग रही हैं। कई मांस की दुकान रिहाइसी इलाकों और स्कूलों के पास भी लगाई जा रही है।

व्यापारियों व नगरवासियों ने मीट बाजार खुले में नहीं लगाकर एक भवन में स्थाई रूप से संचालित करने की मांग की है, इससे लोगों को गंदगी व बदबू से परेशानी भी नहीं होगी, इसके लिए चिरमिरी नगर निगम में एक सप्ताह पहले आवेदन देकर सड़क किनारे खुले में संचालित मांस दुकानों को स्लॉटर हाउस में शिफ्ट करने की मांग की थी, जबकि जिम्मेदारों ने यहां से मांस दुकानों को स्लॉटर हाउस में शिफ्ट करने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की है।




खुले में संचालित मटन की दुकान।

बैकुंठपुर के महलपारा रोड और चिरमिरी के गोदरीपारा, डोमनहिल ,हल्दीबाड़ी और कोरिया के मुख्य सड़कों पर मांस मछली की दुकानें संचालित हो रही हैं। खुले में दुकानें लगने से बदबू फैल रही है। मुख्य मार्ग होने से लोगों को मजबूरी में यहीं से निकलना पड़ता है। लोगों ने स्थानीय निकायों से मांग की है कि मुख्य मार्गो से मांस दुकानों को हटाकर स्लॉटर हाउस में शिफ्ट करें ,ताकि गंदगी व बदबू से छुटकारा मिल सके। स्थानीय रहवासी रोहित ने बताया कि बदबू ज्यादा फैलने से परेशानी हो रही है, लोगों के स्वास्थ्य पर इसका विपरीत असर पड़ रहा है। चिरमिरी के गोदरीपारा मुख्य मार्ग के पास दो-दो स्कूल है, यहां के हजारों विद्यार्थी इस मार्ग से ही आना-जाना करते हैं, ऐसे में यहां बकरों को मारकर खुले में टंगा देखकर वह भी विचलित हो जाते हैं। छात्राओं ने बताया कि मीट मार्केट के सामने से पैदल निकलने पर गंदगी और बदबू का सामना करना पड़ता है। बदबू के कारण रोजाना आवाजाही में परेशानी होती है। लोगों ने बताया कि बॉयलर मुर्गियों से भरी गाड़ियां भी यहां खड़ी रहती है। इन गाड़ियों से भी बेहद गंदी बदबू आती है।

### रहवासी क्षेत्रों में संचालित हो रही दुकानें

नगर के वार्डों में भी निजी घरों के पास कई दुकानें संचालित हो रही है, इससे आसपास के रहवासियों को गंदगी व बदबू से परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थानीय रहवासियों ने इस संबंध में कई बार शिकायत कर घरों में चल रही अवैध दुकानों को स्लॉटर हाउस में शिफ्ट करने की मांग की, लेकिन जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

## ड्रोन से नैनो यूरिया के छिड़काव का प्रदर्शन



ड्रोन से छिड़काव की जा रही नैनो यूरिया।

**एमसीबी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा में ड्रोन के माध्यम से जिले के किसान उन्नत कृषि की ओर कैसे अपना कदम बढ़ा सकते हैं, इसका प्रदर्शन किया जा रहा है।

कृषि विभाग के द्वारा ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया व नैनो डीएपी के छिड़काव का प्रदर्शन शिविर में उपस्थित लोगों के समक्ष किया जा रहा है। शिविर में आए किसानों को एकत्रित कर छग के प्रमुख फसलों में नैनो उर्वरक के उपयोग के संबंध में जानकारी दी जा रही है, उन्हें बताया जा रहा है कि नैनो उर्वरकों का फसल पर सही एवं लक्षित प्रयोग करने से पर्यावरण को बिना नुकसान पहुंचाए कैसे पौधे को आवश्यक पोषण दिया जा सकता है और अच्छी उपज प्राप्त की जा सकती है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत हितग्राहियों को न केवल केन्द्र शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है, बल्कि ⏭ शेष पेज 4 पर

27- Dec Coriya Bhoomi pg 2_Layout 1 12/27/2023 7:54 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ का सम्मेलन 30 को

**कांसाबेल ।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ पंजीयन क्रमांक 1881 का 22 वां प्रांतीय सम्मेलन 30 दिसंबर 2023 शनिवार को जिले के पाकरगांव में होगा। सम्मेलन के मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती गोमती साय होंगी। अध्यक्षता संघ के प्रांताध्यक्ष डीपी मनहर करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रांतीय महासचिव रतनलाल कैवर्त के साथ जिले एवं तहसील के अध्यक्ष गण,प्रांतीय पदाधिकारी गण शामिल होंगे। सम्मेलन में 80 वर्ष से अधिक उम्र के पेंशनरों को सम्मानित किया जाना है। इसके लिए प्रांत भर की पदाधिकारी को 80 वर्ष से अधिक उम्र के पेंशनर बन्धुओं को यहां लाने का आग्रह किया गया है। जशपुर जिले के सभी विकास खण्डों के पेंशनर बन्धुओं /बहनों को 30 दिसम्बर को 12:00 बजे तक पाकर गांव के सम्मेलन में बड़ी संख्या में उपसस्थित होने का आग्रह किया गया है। ताकि उनके समस्या का निराकरण कराया जा सके ।

### ई-श्रम पोर्टल में मिलेगा मृत्यु या स्थायी दिव्यांगता पर सहायता राशि

**जांजगीर-चांपा।** ई-श्रम पोर्टल में पंजीकृत ऐसे असंगठित श्रमिक जिनका पंजीयन 31 मार्च को अथवा पूर्व हुआ हो तथा दुर्घटनागत कारणों से पंजीकृत श्रमिक की मृत्यु या स्थायी दिव्यांगता 31 मार्च 2022 को अथवा पूर्व हुई हो, को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का लाभ एक्सग्रेसिया के रूप में दिया जाना प्रावधानित है। एक्सग्रेसिया के रूप में पात्र हितग्राहियों को मृत्यु एवं स्थायी दिव्यांगता पर सहायता राशि 2 लाख रूपए एवं आंशिक दिव्यांगता पर राशि 1 लाख रुपए प्रदाय किया जाना प्रावधानित किया गया है। पंजीकृत हितग्राही का आधार कार्ड, ई-श्रम पंजीयन कार्ड, मृत्यु प्रमाण पत्र, मृत्यु के कारण संबंधी चिकित्सा प्रमाण पत्र, थाने में दर्ज प्राथमिकी या पंचनामा, शव परीक्षण रिपोर्ट के साथ दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जा सकता है।

### बालगृह बालक की स्थापना व संचालन प्रस्ताव 2 तक

**जांजगीर-चांपा।** किशोर न्याय अधिनियम 2015 यथा संशोधित अधिनियम 2021 एवं नियम 2022 के अंतर्गत जिले में बालगृह (बालक) की स्थापना व संचालन के लिए पंजीकृत अशासकीय संस्थायें, स्वैच्छिक संगठन जो बाल कल्याण, बाल संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत हो और देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों अथवा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के देखरेख एवं संरक्षण के क्षेत्र में अनुभव रखते हो तथा जो वित्तीय रूप से भी सक्षम हो, बालगृह एजेन्सी के संचालन हेतु 2 जनवरी तक प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं। बालगृह बालक की स्थापना एवं संचालन हेतु इच्छुक संस्थाओ का आवेदन जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास को सभी दस्तावेज एवं विवरण सहित आवेदन में प्रस्तुत कर सकेंगे।

### एनएच पर खड़े वाहन को पुलिस ने किया जब्त

**जांजगीर-चांपा।** नेशनल हाइवे बीच रोड में लापरवाही पूर्वक खड़े किए ट्रेलर वाहन को जब्त करने की कार्रवाई की गई है। मामला सारागांव थाना क्षेत्र का है। 24 दिसंबर को ट्रेलर वाहन चालक छोटे लाल यादव उम्र 28 साल निवासी हरदीविशाल थाना बलौदा द्वारा एनएच 49 सारागाव चौक बीच रोड में लापरवाही पूर्वक खड़ा किए जाने से आने जाने वाले लोगो को आवागमन में परेशानी हो रही थी। जिसे आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध थाना सारागाव में धारा 283 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। जिसे कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश किया जावेगा।

### 9 लीटर महुआ शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** अवैध रूप से रखे 9 लीटर महुआ शराब के साथ एक महिला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला पामगढ़ थाना क्षेत्र का है। मुखबिर से सूचना मिली कि 26 दिसंबर को श्रीमती सविता कश्यप निवासी कूटरा द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री की जाती है। छापामार कार्रवाई के दौरान उसके कब्जे से जारिकेंन में रखे कच्ची महुआ शराब कुल जुमला शराब 09 लीटर कीमती 900 रुपए को बरामद किया जाकर आरोपी के विरूद्ध थाना पामगढ़ में धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

---

### ग्रामीण विकास विभाग के 21 कार्य शामिल

# मुख्यमंत्री करेंगे 182 कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर**



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गुरूवार को जिले में 11099.27 लाख रुपए के कुल 182 कार्य का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। लोकार्पण के 53 कार्यों के लिए 3264.93 लाख एवं भूमिपूजन 129 कार्यों के लिए 7834.34 लाख के कार्य शामिल है।

इनमें जशपुर विधानसभा में 5698.25 लाख के कुल 45 कार्य, कुनकुरी विधान सभा के 4050.16 लाख के कुल 102 कार्य एवं पत्थलगांव विधानसभा के 1350.86 लाख के कुल 35 कार्य शामिल हैं। लोकार्पण के कार्य में विधानसभा क्षेत्र जशपुर अंतर्गत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 06 कार्य, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग जशपुर के 02 कार्य, कृषि विभाग के 3 कार्य, नगरपालिका परिषद जशपुर के 01 कार्य, अक्षय ऊर्जा विभाग के 3 कार्य और लोक निर्माण विभाग के 01 कार्य, वि.या.लाईट मशीनरी नलकूप, गेट उप संभाग अम्बिकापुर के 01 एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कलयाण विभाग के 01 कार्य शामिल है।

इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र कुनकुरी अंतर्गत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 21 कार्य, छग ग्रामीण सड़क विकास अभि. जशपुर के 01 कार्य, अक्षय ऊर्जा विभाग के 02 कार्य, नगर पंचायत कुनकुरी के 01 कार्य, लोक निर्माण विभाग के 01 कार्य और आदिवासी विकास विभाग के 01 कार्य शामिल हैं। विधानसभा क्षेत्र पत्थलगांव अंतर्गत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 03 कार्य, कृषि विभाग के 02 कार्य, अक्षय ऊर्जा विभाग के 02 कार्य एवं नगर पंचायत पत्थलगांव के 01 कार्य शामिल हैं।

### जशपुरिया माटी अटल सुशासन समारोह आज

**जशपुरनगर।** नगर के रणजीता स्टेडियम में जशपुरिया माटी अटल सुशासन समारोह का आयोजन गुरूवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय छग शासन के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा क्षेत्र पत्थलगांव की विधायक श्रीमती गोमती साय करेंगी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विधानसभा क्षेत्र जशपुर के विधायक श्रीमती रायमुनी भगत एवं नगरपालिका परषिद के अध्यक्ष नरेश चन्द्र साय होगें।

### सड़क का डामरीकरण कार्य प्रगति पर

**जशपुरनगर।** एनएच के पत्थलगांव शहर में डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर है। कलेक्टर ने एनएच सहित अन्य सड़क निर्माण कार्य में प्रगति लाकर कार्य पूर्ण करने की निर्देश देते हुए कार्यों के प्रगति के संबंध में निरंतर समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कार्यपालन अभियंता, एसडीएओ, उप अभियंता, ठेकेदार को समय पर सड़क निर्माण के कार्य को पूर्ण करने के निर्देश थे। साथ ही सड़क निर्माण के कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के लिए कहा है। एनएच सड़क निर्माण कार्य कार्य प्रगति पर है।

## तेज रफ्तार कार की चपेट में एक की मौत, 2 की हालत नाजुक

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर**

मयाली से पिकनिक मनाकर लौट रहे 3 बाईक सवार युवक तेज रफ्तार कार की चपेट में आ गए। इस सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 2 की हालत नाजुक बताई जा रही है।

घायल युवकों को इलाज के लिए कुनकुरी के एक निजी अस्पताल ले जाया गया है। घटना नारायणपुर थाना क्षेत्र के चराई मारा गांव की है। बताया जा रहा है कि घायल और मृतक सन्ना क्षेत्र के कौबा गांव के रहने वाले है। तीनो एक शादी समारोह में कजरा आए थे।

शादी समारोह के बाद तीनो पिकनिक मनाने बाइक से मयाली गए थे। लौटते वक्त हादसा हो गया मौके पर नारायणपुर थाना पुलिस पहुंची।

## जनहानि के दो मामलों में 8 लाख की सहायता स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में हुए जनहानि के 02 मामले में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6-4 के तहत 08 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसके अंतर्गत बगीचा तहसील के ग्राम पसिया निवासी स्व.रीना बाई का नदी के पानी में डूबने से 10 मई 2023 को मृत्यु हो जाने के कारण मृतिका के निकटतम वारिस मृतिका के पिता रतिया हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई हैं। इसी प्रकार मनोरा तहसील के ग्राम सरडीह निवासी स्व. बुधराम का नदी के पानी में डुबने से 20 सितम्बर 2021 को मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पत्नी श्रीमती फुलो बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई हैं।

## पीएम आवास निर्माण कार्यों की जानकारी लेने घर-घर पहुंच रहे अधिकारी



**जशपुरनगर।** पीएम आवास का लाभ दिलाने अधिकारी कर्मचारियों द्वारा हितग्राहियों के घर-घर जाकर सर्वे किया जा रहा है। इससे पीएम आवास निर्माण कार्य की सही जानकारी प्राप्त हो सकेगी। कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने अधिकारी कर्मचारियों को पीएम आवास निर्माण संबंधी कार्य में प्रगति लाने के लिए हितग्राहियों के घर-घर जाकर वस्तु स्थिति की रिपोर्ट लेने निर्देश दिए हैं। आदेश के परिपालन में अधिकारी कर्मचारी पीएम आवास योजना के घर जाकर कार्य प्रारंभ करने और समय अवधि में पूर्ण करने समझाइस दी जा रही है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत बारों, जनपद फरसाबहार में कुल 37 आवास हितग्राहियों में से 20 आवास हितग्राहियों को आवास प्रारंभ कर पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया

- निर्माण कार्य समय पर पूर्ण करने दी जा रही समझाइश

## विकसित भारत संकल्प यात्रा बेमताटोली व लोदाम पहुंची

**जशपुरनगर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा बुधवार को कुनकुरी जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत बेमताटोली और जशपुर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत लोदाम पहुंची। विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजित शिविर में पंचायती राज भारत सरकार के अतिरिक्त सचिव सीएस कुमार उपस्थित थे। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विभागों द्वारा लगाए गए विभिन्न विभाग के स्टालों का अवलोकन किया।

- सचिव ने लगाए गए विभिन्न स्टालों का किया अवलोकन



शिविर का निरीक्षण करते हुए सचिव सीएस कुमार ने अधिकारियों एवं हितग्राहियों से चर्चा की। उन्होंने केंद्र सरकार की सभी योजनाओं की ग्राम पंचायत में किये जा रहे क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कार्यक्रमों और योजनाओं को सारे लोगों तक पहुंचाना विकसित भारत संकल्प यात्रा को उदेदश्य है। कार्यक्रम के माध्यम से अधिक से अधिक हितग्राहियों को सभी योजनाओं का लाभ दिलाए। हितग्राहियों को पीएम आवास निर्माण पूर्ण, पीएम उज्वला गैस योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रमाण पत्र प्रदाय किया इस दौरान मुख्य अतिथि चंद्रशेखर कुमार और जिला पंचायत सीईओ संवित मिश्रा ने उज्वला गैस के हितग्राहियों, किसान क्रेडिट कार्ड के लाभार्थियों को कार्ड देकर योजना का लाभ दिलाया। पटवारी हरीश सिंह को भूमि संसाधन विभाग की ओर से डिजिटल इंडिया भूमि आधुनिकीकरण कार्यक्रम के तहत 99 प्रतिशत से ज्यादा कार्य करने पर मुख्य अतिथि के हाथों अभिनन्दन पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संयुक्त संचालक दिनेश अग्रवाल, सहायक संचालक पंचायत संचालनालय रायपुर हिमांशु साहू, एसडीएम श्यामा पटेल, डिप्टी कलेक्टर ओंकार यादव, तहसीलदार मुकदेव यादव, जनपद सीईओ कुनकुरी, भरत सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष उपेंद्र यादव, अमन शर्मा, दीपक शर्मा, सरपंच श्रीमती लकड़ा, स्थानीय जन जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित भाई संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के संबंध में आम जनता को जानकारी दी गई।

## स्तनपान को बढ़ावा देने जोकबहला में न्यूट्रीशियन शिविर आयोजित



जशपुरनगर। जिले में सुरक्षित मातृ एवं शिशु देखभाल कार्यक्रम के सुदृढीकरण के लिये आईआईटी बाम्बे के सहयोग से स्तनपान को बढ़ावा देने एवं कुपोषण को कम करने हेतु विकासखण्ड स्तर पर विभिन्न गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी कड़ी ग्राम पंचायत जोकबहला में न्यूट्रीशियन कार्यक्रम का आयोजन किया गया और न्यूट्रीशियन चार्ट दिखाकर प्रोटीन के महत्व की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में स्तनपान को बढ़ावा देने एवं कुपोषण को कम करने हेतु चलाए जा रहे गतिविधि तथा इसमें हुई प्रगति से अवगत कराया गया। साथ ही कार्यक्रम के सुचारू संचालन, मानीटरिंग एवं आवश्यक प्रगति के संबंध में चर्चा की गई।

- चार्ट दिखाकर प्रोटीन के महत्व की दी गई जानकारी

## अवैध उत्खनन में लगे चैन माउंटेन व जेसीबी को किया जब्त



अवैध उत्खनन कार्य में लगी मशीन।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा**

अवैध परिवहन एवं उत्खनन करते पाये जाने पर चैन माउंटेन एवं जेसीबी को जब्त करने की कार्रवाई की गई। मामला शिवरीनारायण थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में खनिज विभाग के सहायक उड़नदस्ता प्रभारी के द्वारा जिला-जांजगीर चांपा के शिवरीनारायण तहसील के ग्राम भोगहापारा का औचक जाँच किया गया। खनिज अधिकारी हेमंत चेरपा ने बताया कि के शिवरीनारायण तहसील के ग्राम भोगहापारा में खनिज रेत का अवैध उत्खनन करते हुए पाये जाने पर चैन माउण्टेन आर 210 एवं जेसीबी क्र.- सीजी 11 एएक्स 2716 को जप्त कर अवैध उत्खनन का प्रकरण दर्ज किया जाकर खनिज नियमों के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा विशेष अभियान चलाकर निरन्तर जांच किया जा रहा है।

### 8 संविदा पदों पर भर्ती के लिए आवेदन 24 जनवरी तक

**जांजगीर-चांपा।** भारत सरकार ने महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम अंतर्गत महिलाओं के सुरक्षा, संरक्षण एवं सशक्तिकरण हेतु एक अम्ब्रेला योजना ''मिशन शक्ति'' की शुरुआत की है। मिशन शक्ति अंतर्गत मिशन शक्ति के दिशा-निर्देशों के अनुसार राज्य स्तरीय हब हेतु जिले में 8 स्वीकृत संविदा पदों जिला मिशन समन्वयक, जेन्डर विशेषज्ञ, वित्तीय साक्षरता एवं समन्वय विशेषज्ञ, कार्यालय सहायक, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर पीएमएमव्हीवाय, मल्टी टास्क की पूर्ति हेतु आवेदन 24 जनवरी तक कार्यालयीन समय 5.30 बजे तक जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग में आवेदन आमंत्रित किया गया है।

## धुंध के चलते सड़कों पर वाहनों की रफ्तार हुई कम

**हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा**

शिवरीनारायण अंचल में दो तीन दिनों तक चटक धूप खिलने के बाद मंगलवार को सुबह धुंध की चादर तन गई। यह धुंध सुबह 4 बजे से 8 बजे तक रही इस दौरान आने वाले स्थानीय राहगीरों एवं वाहन चालको को काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा। वाहन चालकों को अपनी वाहनों के हेड लाईट जलानी पड़ी। धूंध की वजह से वाहन चालकों की रफ्तार कम रही,चालकों को अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचने में दोगुना समय लगा। धूंध के चलते पारा भी काफी नीचे लूढक गया। मंगलवार की सुबह पारा 12 डिग्री सेल्सियस पर रहा। इस दौरान सूर्यदेव ने भी धुंध के बादलों के साथ आंख मिचैली का खेल खेला। पारा नीचे आने से ठिठुरन बढ़ गई। सुबह के 8 बजे तक लोग अलाव सेकते नजर आए। हालांकि धीरे-धीरे धूप निकलते दिखी। काफी अधिक धुंध होने की वजह से 10 मीटर से ज्यादा नजर नहीं आ रहे थे। यह स्थिति शहर को छोड़कर ग्रामीण क्षेत्र के गांवों में ज्यादा विकट बनी रही। धूंध के चलते दृश्यता कम होने के कारण वाहन चालको की लाइटे जलाकर एक दूसरे के पीछे चलकर गंतव्य तक पहुंचे। जिसकी वजह से वाहन चालकों को अतिरिक्त समय व अतिरिक्त खर्च भी वहन करना पड़ा। उसके बाद धीरे-धीरे धुंध का चादर फटने लगी। इस दौरान सूर्यदेव भी धुंध के बादलों के बीच से झांकते नजर आए।

**खास बात**

- ठंड के कारण सुबह 8 बजे तक हाथ सेंकते नजर आए लोग



धुंध के चलते नहीं दिखाई दे रही सड़क।

## नो पार्किंग में खड़े वाहनों को किया लॉक, 38 चालकों से वसूला गया जुर्माना

**जांजगीर-चांपा।** नो पार्किंग में खड़े किए वाहनों पर लॉक करने की कार्रवाई की गई। साथ ही यातायात नियमों तोड़ने वाले 38 वाहन चालकों से 11 हजार 4 सौ रुपए का जुर्माना वसूल किया गया है।

गौरतलब है कि जिला पुलिस यातायात द्वारा जिले में सड़क दुर्घटना में कमी लाने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर पुलिस द्वारा लगातार मोटर अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में 25 दिसंबर को विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही की गई। जिसमें वाहनों में नम्बर प्लेट अस्पष्ट होना, नो पार्किंग में वाहन खड़ी करना, मोटर सायकल में तीन सवारी वाहन में रिफ्लेक्टर ग्लास नही होना, वाहन का हेड लाईट आधा काला नहीं होना, बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाना, बिना हेलमेट वाहन चालाना, मौके पर वाहन का कागजात पेश नही करना, पार्किंग लाईट का नही होना अलग- अलग धाराओं के तहत कार्यवाही किया गया है। यातायात पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान भविष्य में यातायात नियमों का पालन करने अपने वाहन के आगे पीछे रिफ्लेक्टर लगाने एवं नो पार्किंग में वाहन खड़ा नही करने एवं बाइक में तीन सवारी नही चलाने एवं शराब पीकर वाहन नही चलाने के लिए समझाईस दी जा रही है।



### नदी और डेम के आसपास सुरक्षा को लेकर होंगे कड़े इंतजाम

# नए साल के जश्न को लेकर अलर्ट मोड में पुलिस प्रशासन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा**

नए साल के जश्न के दौरान उपद्रव करने वाले लोगो पर पुलिस प्रशासन की कडी नजर रहेगी। साथ ही साथ नदी, डैम व नाला के आसपास सुरक्षा के इंतजाम किए जाएंगे। पुलिस प्रशासन ने इसकी तैयारी भी शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित स्थलो का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए है।

गौरतलब है कि सोमवार 1 जनवरी 2024 से नए साल की शुरूआत हो जाएगी। इस बीच नए साल में जश्न मनाने एंव उपद्रव करने वाले लोगो पर पुलिस की कडी नजर रखेगी, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिती से निपटा जा सके। इस दौरान नदी, नाले एवं डैम के साथ ही अन्य पिकनिक स्पॉट पर पुलिस की टीम मुस्तैद रहकर युवको को समझाइश भी देगी। कई बार ऐसा होता है कि नए साल के जश्न मनाने के दौरान कई युवक एवं युवती डैम, नदी के आसपास पहुंच जाते है। वही उन्हें तैरना भी नही आता। इस चक्कर में युवाओ की जान तक चली जाती है। इस तरह का हादसा चाम्पा स्थित कुदरी बैराज में सामने आ चुका है। इसी प्रकार बलौदा विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत देवरी पिकनीक स्पाट में भी पिछले साल 2 नाबालिगों की नदी में डूबने से मौत हो गई थी। ऐसे में नए साल के दौरान यहां जश्न मनाने युवको की टीम आ सकती है। इसे देखते हुए प्रशासन के द्वारा दुर्घटना रोकने अभी से ही इंतजाम किए जा रहे है। जांजगीर जिले के पुलिस कप्तान के द्वारा ऐसे पिकनिक स्पाट क्षेत्रो का निरीक्षण कर पुलिस कर्मचारियो के डयुटी के लिए अस्थाई चौकी बनाया जा रहा है। इसी प्रकार अकलतरा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले पोडी दल्हा को भी आने वाले दिनो में पर्यटन क्षेत्र को बढावा देने के उदेश्य से कई तरह के वनो से संबंधित विकास कार्य कराए जा रहे है।ताकि वन परिक्षेत्र को बढावा मिल सके। इन पर्यटन क्षेत्रो में भी नए साल के दिन जश्न मनाने को लेकर तैयारी चल रही है। इस दौरान पुलिस प्रशासन के द्वारा उपद्रवी लोगो पर पैनी नजर भी रखी जाएगी। इसी प्रकार सक्ती जिले के वन परिक्षेत्र दमऊदहरा,रैनखोल, नगरदा सहीत आसपास के पर्यटन क्षेत्रो में पुलिस प्रशासन के द्वारा दुर्घटना रोकने कडे इंतजाम किए जाएगें। साथ ही साथ युवाओ को नए साल के जश्न मनाने के दौरान सावधानी बरतने एंव नदी नाला, डैम एंव आसपास में आते जाते समय सावधानी बरतने कहा गया है। ताकि किसी भी अप्रिय स्थिती से बचा जा सके।



पिकनिक स्पॉट का निरीक्षण करने पहुंचे अफसर।

## 50 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा**



बाइक में शराब परिवहन के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से 50 लीटर कच्ची महुआ शराब को जब्त किया गया है। मामला सिटी कोतवाली अंतर्गत ग्राम भैंसो का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 25 दिसंबर को मुखबीर सूचना मिली कि ग्राम सुकली के मेन रोड से सनत सिंह द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने हेतु मोटर सायकल बजाज सीडी-100 में जांजगीर की तरफ जा रहा है। सूचना पर छापामार कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान उसके कब्जे 10-10 लीटर के पांच जरकिन में कच्ची महुआ शराब 50 लीटर बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध थाना जांजगीर में धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपी को 25 दिसंबर को गिरफ्तार कर जूडिशल रिमांड पर भेजा गया। कार्यवाही में थाना जांजगीर के सहायक उप निरीक्षक लंबोदर सिंह, आरक्षक नीतीश विश्वकर्मा आशुतोष कर्ष, संतोष भानु का योगदान रहा।



# ‘फाइटर’ का नया पोस्टर रिलीज नए साल पर होगी रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन और अभिनेत्री दीपिका पादुकोण की आने वाली फिल्म ‘फाइटर’ का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनीं फिल्म फाइटर में ऋतिक रौशन, दीपिका पादुकोण, अनिल कपूर की मुख्य भूमिका है। ऋतिक रौशन ने सोशल मीडिया पर फिल्म फाइटर का नया पोस्टर शेयर किया है,जिसमें उनके साथ दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर भी नजर आ रहे हैं। पोस्टर शेयर करते हुए ऋतिक रौशन ने कैप्शन में लिखा, एयर ड्रैगन ने आप सबसे 1 महीने में मिलने के लिए अपनी कमर कस ली है। फाइटर थिएटर में 25 जनवरी 2024 को रिलीज हो रही है।

लाइफ Style



# पूजा हेगड़े

## शाहिद संग एक्शन थ्रिलर फिल्म में आएंगी नजर

बॉलीवुड अभिनेत्री पूजा हेगड़े एक्शन थ्रिलर फिल्म में शाहिद कपूर के साथ काम करती नजर आएंगी। ज़ी स्टूडियोज़ और रॉय कपूर फिल्म्स द्वारा निर्मित एक्शन थ्रिलर फिल्म में पूजा हेगड़े को लीड फीमेल रोल के लिए चुना गया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

इस फिल्म में पूजा हेगड़े शाहिद कपूर के साथ नजर आएंगी। निर्देशक रोशन एंड्रयूज़, ज़ी स्टूडियो के सीईओ शारिक पटेल और निर्माता सिद्धार्थ रॉय कपूर ने कहा, पूजा हेगड़े को बोर्ड पर लाना हमारे लिए एक आसान निर्णय था क्योंकि वह बेहद वर्सटाइल और होनहार हैं। जिनभी अभिनेताओं के साथ पूजा की जोड़ी बनी है, उनके साथ उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री व्यापक रूप से पहचानी जाती है, और हमें यकीन है कि दर्शकों को इस फिल्म में उनका दूसरा पक्ष देखने को मिलेगा। हम पूजा को बोर्ड पर पाकर बहुत खुश हैं। पूजा हेगड़े ने कहा, यह एक रोमांचक लेकिन अलग कहानी वाली एक बहुत ही खास फिल्म है। रोशन एंड्रयूज बड़े पर्दे पर जादू बुनने के लिए जाने जाते हैं, और मैं इस यात्रा को शुरू करने के लिए इंतजार नहीं कर सकती, जिससे दर्शक मुझे ऐसी अनोखे और अलग भूमिका में देख सकें। मैं शाहिद कपूर के साथ काम करने के लिए भी उत्सुक हूं; वह एक शानदार कलाकार हैं और मुझे उम्मीद है कि हमारा सहयोग यादगार रहेगा।

हॉलीवुड मसाला



# क्रिसमस समारोह में हुए शामिल

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता डिनो मोरिया ने हाल ही में अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें साझा की हैं, जिसनें वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ नजर आ रहे हैं। दरअसल, 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री के आवास पर क्रिसमस समारोह का आयोजन किया गया था, जहां ईसाई समुदाय के कई लोग पहुंचे थे। इन्हीं सब के साथ डिनो भी इस समारोह का हिस्सा बने। अब अभिनेता ने 26 दिसंबर को इस समारोह की कुछ खूबसूरत तस्वीरें साझा की हैं।




# डिस्कवरी इंक की बॉक्स ऑफिस पर फिर वापसी

**लॉस एंजिलस।** छुट्टियों का मौसम ख़त्म होने और 2024 के शुरू होने के साथ ही हम जनता को सिनेमाघरों की ओर वापस आकर्षित करने के लिए सेट की गई प्रमुख मोशन पिक्चर्स पर प्रकाश डालते हैं। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि छुट्टियों के मौसम में बॉक्स ऑफिस क्या लेकर आता है। वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी इंक की 15 दिसंबर की सफल शुरुआत के बाद आशावादी माहौल है। वोंका. उस फिल्म ने अपनी शुरुआती रात में 3.5 मिलियन डॉलर की कमाई की। सीएनबीसी की जूलिया बरस्टिन के अनुसार, उद्योग विश्लेषकों ने अंतरराष्ट्रीय बाजारों से मजबूत आंकड़ों के साथ-साथ पहले सप्ताहांत में कुल बॉक्स ऑफिस बिक्री 40 मिलियन डॉलर से अधिक होने का अनुमान लगाया है। ब्लॉकबस्टर बार्बी और ओपेनहाइमर ने परिवारों को सिनेमाघरों में वापस आकर्षित किया, और फिर टेलर स्विफ्ट के द एरास टूर म्यूजिकल के परिणामस्वरूप इस तिमाही की शुरुआत में प्रशंसकों की भीड़ उमड़ पड़ी।



# जैकी संग प्यार का किया इजहार...

**मुंबई।** अभिनेता और निर्माता जैकी भगनानी ने 25 दिसंबर को अपना 39वां जन्मदिन मनाया। जैकी के जन्मदिन पर रकुल ने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें साझा कर अपने प्यार का इजहार किया है। इसके साथ उन्होंने नोट भी लिखा है। रकुल ने जैकी संग अपनी तस्वीरें साझा कर लिखा, ‘जन्मदिन मुबारक हो मेरे प्यार। इस जन्मदिन पर और हर दिन मैं कामना करती हूं कि आपको वह सब मिले जो आप चाहते हैं। आपकी दयालुता और मासूमियत मिलना दुर्लभ है।’ उन्होंने आगे लिखा, ‘आपके चुटकुले सबसे मूर्खतापूर्ण हैं, लेकिन मुझे यह मानना होगा कि आप मजाकिया हैं। भगवान आपकी रक्षा करें, क्योंकि आपके जैसे पुरुष बहुत कम हैं। रोमांच, सफर, खाना और हंसना है और हमें हमेशा साथ रहना है।’ इस खास मौके पर दुनियाभर में मौजूद प्रशंसकों ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।



# विलेन बन खेसारी से लेंगे टक्कर...

**मुंबई।** अभिनेता आर्यन बब्बर भोजपुरी फिल्म राजाराम में विलेन की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म रेड्डी में सलमान खान से लोहा ले चुके आर्यन बब्बर अब टेक्नीशियन फ़िल्म फैक्टरी के बैनर तले बन रही फिल्म राजाराम में मुख्य विलन की भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में आर्यन, खेसारीलाल यादव से टक्कर लेंगे। इस फिल्म की शूटिंग इन दिनों गोरखपुर के खूबसूरत लोकेशन पर चल रही है, जिसके निर्देशक पराग पाटिल है। फिल्म की मुख्य भूमिका में खेसारी लाल यादव और राहुल शर्मा नजर आने वाले हैं। इस फिल्म के निर्माता पराग पाटिल और राकेश रौशन सिंह हैं। आर्यन बब्बर ने फिल्म राजाराम को लेकर कहा कि यह बड़े बैनर की फिल्म है और यह मेरे लिए बड़ी ऑपच्र्युनिटी है। फिल्म की कास्ट एंड क्रू बेहद उत्साहित करने वाली है।

टीवी मसाला



# ‘कर्माधिकारी शनि देव’ में मिस्टर हिमाचल रवीज ठाकुर आएंगे नजर


*हिमाचल के होनहार रवीज ठाकुर ‘देवों के देव महादेव’ के प्रोड्यूसर निखिल सिन्हा के नए धारावाहिक ‘कर्माधिकारी शनि देव’ में पैरलल लीड में नजर आएंगे।*

**नई दिल्ली।** धारावाहिक का प्रोमो जल्द आएगा, धारावाहिक अगले महीने से शेमारू टीवी पर देखा जा सकेगा। धारावाहिक की शूटिंग मुंबई स्थित भजनलाल स्टूडियो में जारी है। संदीप मोहन रिवीज के पिता के रोल में नजर आएंगे। ‘दिव्य हिमाचल मीडिया ग्रुप’ के लोकप्रिय इवेंट ‘मिस्टर हिमाचल’ के विजेता रवीज ठाकुर ने मुंबई में बड़ी ख्याति हासिल की है।

सोनी टीवी के सीरियल ‘पोरस’ में रविज ठाकुर को सेल्यूकस निकेटर के किरदार में लोगों ने खूब पसंद किया। शिमला की रोहड़ू तहसील के रूंडा गांव के रविज ने हाल ही में मनोज बाजपेई के साथ एमेजॉन प्राइम का विज्ञापन किया। रविज का मानना है कि‘मिस्टर हिमाचल’ के माध्यम से ही इस मुकाम तक पहुंचे हैं। रवीज इससे पहले दर्जनों सीरियल में काम कर चुके हैं। रवीज ठाकुर ने सिविल इंजीनियरिंग की डिग्री लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी जालंधर से हासिल की है। वर्ष 2015 में ‘मिस्टर हिमाचल’ जैसे प्लेफार्म ने उनकी दिशा बदल दी। ‘मिस्टर इंडिया मैन हंट पेजेंट’ का खिताब हासिल करने के बाद जनवरी, 2016 में रवीज ने मुंबई का रुख किया, तो अपने हुनर के बूते सीरियल में काम करने का मौका मिला।

# ‘द लेजेंड ऑफ हनुमान सीजन 3’ का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। डिज़्नी+हॉटस्टार के आगामी शो ‘द लेजेंड ऑफ हनुमान’ का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ‘द लेजेंड ऑफ हनुमान’ को ग्राफिक इंडिया द्वारा प्रोड्यूस किया गया है, शरद देवराजन, जीवन जे. कांग और चारूवी अग्रवाल ने डिज़्नी+हॉटस्टार के लिये इसे क्रिएट किया है, जिसकी स्ट्रीमिंग 12 जनवरी 2024 से शुरू होगी। इसमें रामायण की उन कालजयी कहानियों को प्रदर्शित किया गया है, जो हनुमान की गाथा को सामने लाती हैं।



### युद्ध के महाकाव्य पर विस्तार करेंगे : प्रोड्यूसर

द लेजेंड ऑफ हनुमान के क्रिएटर एवं एक्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर शरद देवराजन ने कहा, द लेजेंड ऑफ हनुमान’ के सीजन 3 में हम अच्छाई और बुराई के बीच चलने वाले निरंतर युद्ध के महाकाव्य पर विस्तार करेंगे, और दिखायेंगे कि कैसे अजर-अमर भगवान हनुमान भयानक अंधकार के बीच हमेशा जलने वाली आशा की ज्योति बन जाते हैं। इसमें पहली बार, लंका की महायुद्ध की भव्यता और देवताओं, दानवों, वनों में रहने वाले जीवों और महान योद्धाओं को उच्च गुणवत्ता वाले एनीमेशन के माध्यम से दिखाया जाएगा।

### रावण का किरदार मुझे बचपन से पसंद रहा : केलकर

‘द लेजेंड ऑफ हनुमान सीजन 3’ में रावण को आवाज देने वाले, शरद केलकर ने कहा, मैं भगवान हनुमान के दिग्गज कारनामों के बारे में सुनते हुए बड़ा हुआ हूं और अब रावण के किरदार में इस कहानी का हिस्सा बनना किसी सपने के सच होने जैसा है। बचपन में रामायण की कहानी ने मुझे काफी प्रभावित किया था। मुझे रावण की तगड़ी हंसी बड़ा आकर्षित करती थी और उस हंसी ने सबको हमेशा रोमांचित किया। उस हंसी को पेश करना एक बड़ी चुनौती थी। डबिंग के दौरान मैं उस हंसी का बार-बार अभ्यास करता था; इतना कि मैं आसपास के क्रू मेंबर्स को चौंका देता था।

# अंडरवर्ल्ड की दुनिया पर आधारित फिल्म ‘सुल्तान मिर्जा’ का फर्स्ट लुक रिलीज

मुंबई। अंडरवर्ल्ड की दुनिया पर आधारित फिल्म सुल्तान मिर्जा का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। निर्देशक इकबाल बख्श ने लखनऊ पर एक समय राज किए हुए अंडरवर्ल्ड डॉन सुल्तान मिर्जा पर आधारित फिल्म सुल्तान मिर्जा बनाई है, जिसका फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। ओक़ाब इंटरनेशनल, रेड किंग फ़ल्मि प्रोडक्शन्स प्रेजेंट्स इस फ़ल्मि के निर्माता हिमायत अली हैं। इस फ़ल्मि को शान परफॉर्मिंग ग्रुप, आर आर रोकड़े प्रोडक्शन्स और वी जी फिल्म्स इंटरनेशनल के बैनर तले बनाया गया है। फ़ल्मि सुल्तान मिर्जा के सह निर्माता राजेश रोकड़े गेंदराज यादव एवं जावेद मीर खान हैं। इस फ़ल्मि की कहानी दीपक भाटिया ने लिखी है, स्क्रीनप्ले और संवाद हिमायत अली का है। फ़ल्मि के सिनेमेटोग्राफर दिनेश आर पटेल एवं सन्तोष सिंह हैं। फ़ल्मि में मारधाड़ जावेद आर शेख का है , कोरियोग्राफर दिलीप मिस्त्री हैं। फ़ल्मि सुल्तान मिर्जा के मुख्य कलाकार साहिल अख़्तर खान, श्वेता दुबे, हिमायत अली, ज़रीना वहाब, दीपक भाटिया, यशपाल शर्मा, अनंत जोग, सिकन्दर खान, देव गिल हैं।



## अभिषेक बच्चन ने कहा- फिल्मफेयर में जाकर मिली पहली फिल्म

# अभिषेक ने सुनाया पहली फिल्म मिलने का किस्सा

अभिषेक बच्चन ने 2000 में निर्देशक जेपी दत्त की फिल्म ‘रिफ्यूजी’ से अपने फिल्मी सफर की शुरुआत की थी, लेकिन ये सफर उनके लिए इतना आसान नहीं था।

एजेंसी ⏭ मुंबई

हाल ही में अभिषेक ने करियर की शुरुआती दिनों को याद कर पहली फिल्म ‘रिफ्यूजी’ मिलने का किस्सा सुनाया। उन्होंने बताया कि पिता अमिताभ बच्चन के व्यवसाय के ध्वस्त होने के बाद वह अमेरिका से वापस भारत लौटे और प्रोडक्शन सहायक व सहायक निर्देशक के तौर पर काम करने लगे थे।

### दिवालिया हो गए थे अमिताभ

दरअसल, अमिताभ ने एबीसीएल नाम की कंपनी खोली, जो फिल्म प्रोडक्शन, डिस्ट्रीब्यूशन और इवेंट मैनेजमेंट का काम करती थी। हालांकि, कंपनी पर करोड़ों रुपये का कर्ज हो गया और अभिनेता दिवालिया हो गए। बाद में अभिनेता को काम मिलने लगा और उन्होंने कर्ज उतार दिया।



### कोई नहीं करना चाहता था अमिताभ के बेटे को लॉन्च

एक बातचीत में अभिषेक ने बताया कि वह हमेशा से अभिनेता बनना चाहते थे और इसलिए उन्होंने कई निर्देशकों से मुलाकात की, लेकिन कोई भी अमिताभ के बेटे को लॉन्च करने की जिम्मेदारी नहीं लेना चाहता था। ऐसे में अभिषेक और उनके दोस्त ने स्क्रिप्ट खुद लिखने का फैसला किया, लेकिन वह भी आगे नहीं बढ़ पाई। हालांकि, एक दिन अमिताभ ने अभिषेक को फिल्मफेयर पुरस्कारों में साथ चलने के लिए आमंत्रित किया, जिसके बाद उनका जीवन बदला।

### बहन की शादी की शेरवानी पहन फिल्मफेयर में पहुंचे थे अभिषेक

अभिषेक बताते हैं कि फिल्मफेयर में जाने के लिए महीनों पहले से योजना बनाई जाती थी कि क्या पहनना है क्योंकि उन दिनों कपड़े खरीदने पड़ते थे। अभिषेक ने कहा, मुझे नहीं पता था कि क्या पहनूं और अब अजीब लगता है, लेकिन मेरे पास इतने कपड़े भी नहीं थे। हम उस समय एक कठिन दौर से गुजर रहे थे और खर्चा नहीं कर सकते थे। ऐसे में अभिनेता अपनी बहन की शादी वाली शेरवानी पहनकर फिल्मफेयर में गए थे।

### पुरस्कार समारोह के 2 दिन बाद ही मिल गई फिल्म

अभिषेक बताते हैं कि फिल्मफेयर में जेपी दत्ता को फिल्म ‘बॉर्डर’ के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार मिला था और जब वह मंच से नीचे जा रहे थे तो उनकी नजर अभिनेता पर पड़ी। इसके 2 दिन बाद ही निर्देशक ने अभिषेक से मिलने के लिए कहा और ऐसे अभिनेता को उनकी पहली फिल्म ‘रिफ्यूजी’ मिल गई। इस फिल्म में अभिषेक के साथ करीना कपूर नजर आई थीं, जो भी बॉलीवुड में अपनी शुरुआत कर रही थीं।

### इस फिल्म में दिखेंगे अभिषेक

अभिषेक हाल ही में सैयामी खेर के साथ फिल्म ‘घूमर’ में नजर आए थे, जिसमें वह एक पूर्व खिलाड़ी और कोच के किरदार में दर्शकों का दिल जीतने में सफल रहे। ये फिल्म जी5 पर देखी जा सकती है। अब अभिनेता अजय देवगन की फिल्म ‘भोला’ के अगले भाग में नजर आ सकते हैं, जिसमें वह एक अहम किरदार निभाएंगे। इसके अलावा अभिनेता की फिल्म ‘दसवीं’ के सीक्वल को लेकर भी खबरें आ रही थीं, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हुई।

## खबर संक्षेप

### आश्वासन पर अनिश्चितकालीन हड़ताल स्थगित

**मानीचौक।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत पोड़ी के ग्रामीणों ने 27 दिसंबर को नौकरी मुआवजा की मांग को लेकर गायत्री खदान को बंद कर अनिश्चितकालीन हड़ताल करने का ज्ञापन सौंपा था। जिसके बाद एसईसीएल के अधिकारी मामला को संज्ञान में लेते हुए ग्रामीणों की जीएम ऑफिस विश्रामपुर में बैठक लेकर आश्वस्त कराया ,जिसके बाद ग्रामीणों ने उक्त हड़ताल को एसईसीएल के अधिकारियों को निश्चित समय तक मांग पूरा करने की बात रखी जिसके बाद हड़ताल को स्थगित किया गया है । पोड़ी सरपंच प्रतिनिधि दरोगा सिंह ने बताया की एसईसीएल के महाप्रबंधक ने ग्रामीणों के साथ बैठक नौकरी मुआवजा की मांग को उचित बताते हुए राजस्व विभाग द्वारा भूमि सत्यापन का कागजात तैयार कर एसईसीएल को प्रस्तुत नहीं करने की बात कही। एसडीएम रवि सिंह से कार्रवाई जायजा लिया जिसमे प्रक्रिया पूर्ण नहीं होना बताया गया। ग्रामीणों ने एक महीना का समय राजस्व विभाग को देते हुए हड़ताल समाप्त करने की घोषणा की।

### छात्रावास निर्माण में गड़बड़ी शिवसेना ने सौंपा ज्ञापन

**सूरजपुर।** शिवसेना के विष्णु वैष्णव ने आज मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है जिसमें ग्राम पंचायत नमदगिरी में बन रहे छात्रावास निर्माण में हो रहे गड़बड़ी का आरोप लगाया। विष्णु वैष्णव ने बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा ग्राम नमदगिरी में छात्रावास निर्माण किया जा रहा है जिसमें ठेकेदार अधिकारियों मिलीभगत कर निर्माण कार्य में गड़बड़ी बरती जा रही है। निर्माण कार्य में ओभर इस्टीमेंट बनाकर एवं गुणवत्ता विहीन मटेरियल से निर्मित कर शासकीय पैसों का दुरुपयोग कर अपनी जेब भरने में लगे हुए हैं। शिवसेना के पदाधिकारियों ने मामले की जांच कर संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार के विरुद्ध एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग की है।

### अटल जी की प्रतिमा अनावरण से बेहतर संदेश

बिश्रामपुर। पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती को ग्राम पंचायत कुंजनगर के अटल चौक पर अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम विजयराज अग्रवाल द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में छग शासन की केबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थी। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री रामसेवक पैकरा, वरिष्ठ भाजपा नेता अजय गोयल सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में सर्वप्रथम स्व. अटल बिहारी बाजपेयी के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर संगमरमर से निर्मित अटल जी की प्रतिमा का अनावरण किया गया। कार्यक्रम में स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की जीवनी, राजनैतिक क्रियाकलापों एवं उनकी कविताओं पर आधारित कार्यक्रम प्रोजेक्टर पर प्रदर्शित की गई।

### खोंगापानी में बहरूपिया प्रतियोगिता का आयोजन

# एकल में भुनेश्वर, समूह में सांई बाबा क्लब प्रथम



बहुरूपिया प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कर करते अतिथ।



कार्यक्रम के दौरान लोगों की भीड़।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़**

जिले के खोंगापानी में जनता के स्वस्थ मनोरंजन के उद्देश्य से एकतानगर बहुरूपिया प्रतियोगिता समिति खोंगापानी में 25 दिसंबर को बहुरूपिया प्रतियोगिता सीजन 2 का आयोजन एकतानगर खोंगापानी में किया गया।

इसमें खोंगापानी के अलावा आसपास के कोयलांचल के हजारों लोगों ने प्रतियोगिता का आनंद लिया। बहुरूपिया प्रतियोगिता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भरतपुर-सोनहत विधानसभा के पूर्व विधायक गुलाब कमरो, विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत खोंगापानी अध्यक्ष धीरेन्द्र विश्वकर्मा, जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ अध्यक्ष डॉ. विनय शंकर सिंह, जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ उपाध्यक्ष राजेश साहू, पार्षदगण, वरिष्ठजन एवं क्षेत्र की जनता की मौजूदगी में बहुरूपिया प्रतियोगिता का कार्यक्रम संपन्न हुआ। बहरूपिया प्रतियोगिता के संबंध में जानकारी देते हुए नगर पंचायत के नेता प्रतिपक्ष और पार्षद जगदीश मधुकर ने बताया कि सभी के स्नेह, प्रेम, साथ, सहयोग एवं आशीर्वाद से बहुरूपिया प्रतियोगिता का कार्यक्रम सफल हुआ, इसके लिए समिति सभी का आभार व्यक्त करती है। निर्णायक मंडल द्वारा बहुरूपिया प्रतियोगिता 2023 के विजेताओं की घोषणा कर दी गई है, जिसके अनुसार समूह प्रथम श्री सांई बाबा क्लब बुद्धसिंह दफाई खोंगापानी, विषय- नशा मुक्ति स्मोकिंग किल्स को नगद 10000 रूपए के साथ शील्ड, उपहार और प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया, वहीं समूह द्वितीय एमसीबी ग्रुप खोंगापानी को विषय भूत विनाशक के लिए 5000 रूपए नगद शील्ड, उपहार और प्रमाण-पत्र से सम्मानित किया गया। समूह में तीसरा स्थान अंशु मोबाइल ग्रुप खोंगापानी को मोबाइल के दुष्प्रभाव विषय पर 2500 रूपए नगद, शील्ड, उपहार और प्रमाण-पत्र दिया गया। बहरूपिया प्रतियोगिता 2023 में एकल में प्रथम पुरुस्कार भुनेश्वर रजक मनेन्द्रगढ़ को विषय जय जवान जय किसान के लिए 5000 रूपए नगद, शील्ड, उपहार और प्रमाण-पत्र से अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। एकल द्वितीय का खिताब इंद्रपाल मनेन्द्रगढ़ को विषय ऑक्सीजन मैन के लिए प्रदान किया गया, उन्हें 2500 रूपए नगद, शील्ड, उपहार और प्रमाण-पत्र और एकल तृतीय के लिए धीरज निवासी लाइन दफाई खोंगापानी को बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ विषय के लिए 1500 रूपए नगद, शील्ड, उपहार और प्रमाण-पत्र दिया गया। बहुरूपिया प्रतियोगिता कार्यक्रम में आए सभी 12 निर्णायकों को शाल भेंट कर सम्मानित किया गया और सभी प्रतिभागियों को सांत्वना उपहार भी दिया गया साथ ही संस्कृति कार्यक्रम में नृत्य कलाकारों एवं गायक कलाकारों को भी सम्मानित किया गया।



# अटल जी के आदर्शों को करें आत्मसातः राजवाड़े

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनहत**

पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती को सुशासन दिवस के रूप में जनपद पंचायत सभाकक्ष में बड़े धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम स्वर्गीय अटल जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य रामप्रताप मरावी द्वारा उपस्थित लोगों को प्रदेश में सुशासन के उच्चतम मापदंडों को स्थापित करने शपथ दिलाई गई। भाजपा नेता एवं मंडल अध्यक्ष ईश्वर राजवाड़े द्वारा स्व. अटल के आदर्शों को याद किया। अटल जी के सपनों को पूरा करने प्रत्येक नागरिकों की जिम्मेवारी है। उन्होंने कहा कि सुशासन स्थापित करने प्रत्येक जन ईमानदारी से काम करें। स्वच्छता अभियान लगातार एक सफ्ताह तक सभी ग्राम पंचायतों में किया जाकर जन जागरूकता लाने का प्रयास करें। इस समय ग्राम पंचायतों में संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा में अनिवर्तः उपस्थित होने के लिए उनके द्वारा आह्वान किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं बीजेपी मंडल अध्यक्ष ईश्वर राजवाड़े, जनपद उपाध्यक्ष गुलाब चौधरी, बीडीसी सदस्य घुघरा जमींदार कृष्ण कुमार राजवाड़े, बीडीसी सदस्य रामप्रताप मरावी, सदस्य सोनिया राजवाड़े, मनमति, शिवकुमारी, नवरत्न पाण्डे, सुशीला राजवाड़े, सुरेश तिवारी, सुमित्रा पाल, उमेश्वरी राजवाड़े, केपी सिंह, मनोज साहू, प्रकाश राजवाड़े, समयलाल सहादुर, एमनीलाल सोनपाकर, सुरेश राजवाड़े, वैभव सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ए.पन्ना, शशि जायसवाल परियोजना अधिकारी, डॉ.आरएस चंदे सहित काफी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

***अम्बिकापुर।** शहर के अधिक्वता व आरटीआई कार्यकर्ता डीके सोनी को नेशनल प्राइड अवार्ड से सम्मानित किया गया है। बताया जा रहा है कि 19 दिसंर को दिल्ली में भारत रज महोत्सव 2023 शीतकालीन सत्र व अद्भुत भारत, संपन्न भारत, आत्म निर्भर भारत के तहत अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन क आयोजन किया गया था।

# योजना से जिले के पीवीजीटी समूह के लोगों बनाएं सशक्त

**हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़**

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में वनमंडलाधिरी लोक नाथ पटेल की उपस्थिति में अपर कलेक्टर अनिल सिदार, संयुक्त कलेक्टर सीएस पैकरा ने समय-सीमा की संयुक्त बैठक ली।

उन्होंने बैठक में विकसित भारत संकल्प यात्रा के साथ-साथ प्रधानमंत्री जनमन योजना का क्रियान्वयन करने के निर्देश संबंधित जिला अधिकारियों को दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन योजना) के अंर्तगत जिले में पीवीजीटी (विशेष रूप से कमजोर जनजातिय समूह) जिले में बैगा की सामाजिक एवं आर्थिक उन्नति के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए 11 महत्वपूर्ण गतिविधियों के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। पक्के घर का प्रावधान, संपर्क सड़के, नल से जल तथा समुदाय आधारित पेयजल, मोबाइल मेडिकल यूनिट,



बैठक लेते अपर कलेक्टर।

छात्रावासों का निर्माण, आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से पोषण, बहु उद्देशीय केन्द्रों का निर्माण, घरों का विद्युतीकरण ग्रिड तथा सोलर पावर के माध्यम से, वनधन केन्द्रों की स्थापना, इंटरनेट तथा मोबाइल सर्विस की उपलब्धता, आजीविका संवर्धन के लिए कौशल विकास आदि। सभी बसाहटों को उपरोक्त 11 गतिविधियों में आवश्यकतानुसार पूर्णतः आच्छादित किया जाना है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के क्रियान्वयन के लिए जिला स्तर पर बसाहटवार कार्य योजना तैयार कर कार्य किया जाए। इसके लिए प्रत्येक बसाहट में उपलब्ध सुविधाओं तथा आवश्यकता के आंकलन के आधार पर गैप चिन्हित कर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। बहुउद्देशीय केन्द्र, छात्रावास, वनधन केन्द्र, आंगनबाड़ी केन्द्र के लिए भूमि की पहचान, आबंटन, अनुमतियां।

प्रधानमंत्री आवास ग्रामीणों के लिए लाभार्थियों को स्वामित्व विलेख तैयार करना। पाइप लाइनों के लिए खुदाई, पेड़ काटने की अनुमति। अधिकारों, योजनाओं की संतृप्ति के लिए पीवीटीजी लाभार्थियों की पहचान करना जैसे-आधार, आयुष्मान कार्ड, वोटर आईडी, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पीएम किसान कार्ड, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, बैंक अकाउंट, आय, जाति तथा निवास प्रमाण पत्रों की उपलब्धता की जांच करना आदि को शामिल किया गया है, जिससे सामुदायिक अधोसंरचनाओं में सुधार के साथ सामाजिक और आर्थिक स्तर में उन्नयन के साथ ही प्रत्येक परिवार को शासकीय योजना का लाभ मिल सके। इसके साथ ही पीवीजीटी बसाहटों में किए जाने वाले आयोजित गतिविधियों की रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड की जानी है। क्यूआर कोड के माध्यम से इसे एक्सेस किया जा सकता है। सभी आईईसी सामग्री पोस्टर, स्टिकर, पैम्फलेट, पत्रक, और बैनर (पीएम जनमन के लिए जिला, ब्लॉक, पीवीटीजी बस्ती स्तर) फोटो और वीडियो को गूगल लिंक पर भी अपलोड किया जाना है।



# नगर आगमन पर विधायक को लड्डूओं से तौला गया

**हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर**

जिले के सामरी विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा के प्रथम नगर आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान नागरिकों के साथ ही कार्यकर्ताओ ने उन्हें लड्डुओं से तौला। बता दें कि सामरी विधानसभा से श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा ने चुनाव में जीत दर्ज की है। विधायक बनने के बाद आज प्रथम नगर आगमन पर बचवार चौक से शंकरगढ़ तक कार्यकर्ताओं द्वारा रैली निकाली गई। इस दौरान जगह जगह आतिशबाजी के साथ ही विधायक को लड्डुओं से तौला गया।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक सिद्धनाथ पैकरा, मण्डल अध्यक्ष दिनेश पैकरा ने जनता को संबोधित करते हुए क्षेत्र का विकास दो गुनी गति से करने की बात कही। जनपद अध्यक्ष शिवशंकर मरावी सहित क्षेत्रीय विधायक ने आभार प्रदर्शन किया। इस दौरान नीरज कश्यप के नेतृत्व में विधायक को लड्डुओं से व संजय मित्तल द्वारा फल से तौला गया। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री संजय सिंह, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष मन्नालाल चौधरी, शिवनाथ यादव, राजेश अग्रवाल, अमिताभ सिंह देव, मुकेश कश्यप, निमेष यादव, योगेश यादव, तिलासाय, विवेक जायसवाल, आशीष केशरी, सोनू दुबे, अनुरंजन यादव, गोलू अली, राजनाथ ठाकुर, पूजा कश्यप, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

***बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत जमदई में अखिल भारतीय बिंझिया समाज महासम्मेलन 8 जनवरी को आयोजन किया जाएगा जिसमें सभी जगह के बिंझीया समाज के लोग उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा सहित कई मंत्री व सरगुजा संभाग के सभी विधायक मौजूद होंगे। इस दौरान ग्राम जमदई में बिंझिया समाज द्वारा समाज की कमियां व उनके सुधार, उत्थान के लिए सुझाव, समाज के भीतर बुराईयों व कुरीतियों को मिटाने के संबंध में चर्चा कर निर्णय लिया गया। साथ ही जमदई में होने वाले महासम्मेलन की तैयारी के लिए भी चर्चा की गई।

# आधे अधूरे शौचालय को पूर्ण कराने सौंपा ज्ञापन

**अंबिकापुर।** शहर के आकाशवाणी चौक पर संचालित पौनी पसारी में आधे अधूरे शौचालय के निर्माण की मांग को लेकर पूर्व एल्डरमैन ने ननि आयुक्त को ज्ञापन सौंपा है। पूर्व एल्डरमैन दीपक गर्ग ने बताया कि आकाशवाणी चौक पर विगत कुछ वर्षों से पौनी-पसारी बाजार का संचालन हो रहा है। पौनी पसारी में ग्रामीण और शहर के सब्जी, फल बेचने वाले सुबह से रात तक व्यवसाय



करते है। इसके साथ ही सामान खरीददारी करने के लिए बड़ी संख्या में लोग भी पहुंचते है लेकिन उक्त स्थल पर ग्रामीणों व आम राहगीरों के लिए एक भी मूत्रालय, शौचालय नहीं है। उक्त स्थल पर 2-3 वर्ष पूर्व उक्त स्थल पर शौचालय का निर्माण प्रारंभ हुआ था जो अधूरा पड़ा हुआ है। उन्होंने अधूरे शौचालय को पूर्ण कराने की मांग की है।

प्रो.क्र. 1011/23 पेशी ता. 23-01-24

**न्यायालय :- श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश वर्ग एक चिरमिरी, जिला-कोरिया, छ.ग.**

**उत्ताधिकार प्रकरण क्रमांकः/ 202**

प्रेमवती पिता रंजीत सिंह माता मंगलकुंवर, उम्र करीब 18 वर्ष, जाति-गोंड़, निवासी-ग्राम बड़कापारा, भरदा, थाना-खड़गवां, तहसील-पोड़ी बचरा, जिला-कोरिया, छ.ग.

............... **आवेदिका**

**"प्रति"**

1. श्रीमान शाखा प्रबंधक महोदय, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक शाखा पोड़ी बचरा, थाना-खड़गवॉं, तहसील-पोड़ी बचरा, जिला-कोरिया, छ.ग.
2. सर्वसाधारण जिनक हित हो

...............**अनावेदकगण**

**ईश्तहार**

आवेदिका प्रेमवती द्वारा स्व. रामलाल सिंह आ. स्व. बिक्रम सिंह के नाम पर अनावेदक क्र. 1 के शाखा कार्यालय में संचालित बचत खाता क्र. 7009393070 में जमा राशि 94,315 रू. (चौरानबे हजार तीन सौ पन्द्रह रूपये) + ब्याज के प्राप्त करने के लिए आवेदन पत्र इस न्यायालय के समक्ष अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के तहत पेश की है। उक्त आवेदन पत्र की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 23/01/2024 को प्रातः 11:00 बजे होगा।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त राशि के संबंध में आवेदिका के पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तब वह अपना पक्ष समर्थन में इस न्यायालय में दिनांक 23/01/2024 को प्रातः 11:00 बजे उपस्थित होकर स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत करें, उक्त दिनांक तक कोई आपत्ति नहीं होने पर आवेदन पत्र की सुनवाई किये जाकर नियमानुसार आदेश पारित किया जायेगा उक्त दिनांक को अवकाश घोषित होने पर आवेदन पत्र की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को होगी।

आज दिनांकः 08/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**(श्रीमती दीप्ति सिंह गौर)**
**व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-एक चिरमिरी, जिला-कोरिया, छ.ग.**




## पृष्ठ 1 का शेष

### पिकनिक स्पॉट ...

की विदाई एवं स्वागत के लिए तैयारी में है। साल के अंतिम दिन विभिन्न क्षेत्रों में युवाओं के द्वारा पार्टी का आयोजन किया है और डीजे व अन्य संगीत की धुन पर नृत्य कर नए साल का स्वागत करने की तैयारी में है। साल का आखिरी दिन विदाई के साथ नए साल का स्वागत किया जाता है, ऐसे अवसर पर केक की जमकर मांग रहती है, कई लोगों के द्वारा केक काटकर नए साल के आगमन का जश्न मनाते हैं। इस तरह अब गिनती के दिन साल के विदाई के लिए बचा है और इसके साथ ही नया साल का स्वागत की तैयारियां चल रही है। उल्लेखनीय कि साल के अंतिम दिन विदाई एवं नए साल के स्वागत के लिए ज्यादातर युवा वर्ग उत्साहित रहते हैं और इस अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित करते हैं।

### ड्रोन से नैनो यूरिया ...

तकनीकी ज्ञान भी दिया जा रहा है। किसानों को खेती-किसानी के नवाचारों से भी अवगत कराया जा रहा है। इन नवाचारों का खेती-किसानी में उपयोग कर किसानों के समय और धन की बचत होगी। आसपास के क्षेत्र से आए किसान ड्रोन के द्वारा नैनो उर्वरक के छिड़काव के प्रदर्शन पर अपनी विशेष रुचि दिखा रहे हैं। इसी कड़ी में 26 दिसंबर को विकासखंड़ मनेन्द्रगढ़ ग्राम पंचायत चिरईपानी में ड्रोन का प्रदर्शन किया गया। संयुक्त कलेक्टर सीएस पैकरा की उपस्थिति में कृषि विभाग के उप संचालक लाल सिंह आर्मो, सहायक संचालक आरबी सिंह ने ग्रामीण किसानों को ड्रोन से छिड़काव करने की विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रवि गुप्ता, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित रहे।







